AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb) Date :14/02/2020

# अंतर्राष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस मनाया गया

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में बृहस्पतिवार को ओरल सर्जरी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस मनाया गया। जिसका विषय चेंजिंग फेस चेंजस लाइफ था।

शुभारंभ आईटीएस के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मेरठ वैलेंटिस कैंसर सेंटर रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग के एमबीबीएस, एमडी एवं प्रवक्ता डॉ. अमित जैन, डीएनबी सर्जिकल आंकोलॉजी के एमबीबीएस, एमएस डॉ. संतोष सिंह ने किया। डॉ. अमित जैन और डॉ. संतोष सिंह ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और मौखिक कैंसर के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस पर ओरल कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने के बारे में विचार व्यक्त किए। बताया कि संस्थान का उद्देश्य मौखिक कैंसर से पीड़ित मरीजों को पता लगाना और बेहतर उपचार प्रदान करना है।

प्रतिभागियों के लिए गेस्ट लेक्चर, मरीजों के लिए जागरूकता, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। ओरल सर्जरी विभाग द्वारा ओरल कैंसर स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम में करीब पचास से अधिक स्टूडेंट्स और दंप चिकित्सकों ने भाग लिया। सचिव बीके अरोड़ा, निदेशक पीजी स्टडीज, डॉ. विनोद सचदेव, डॉ. देवीचरण शेट्टी, डॉ. संजीव कुमार, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे। चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# Dainik Jagran

Date: 14/02/2020

Page : I

**कार्यक्रम** आइटीएस में अंतरराष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस मनाया गया

## कैंसर के प्रभाव को कम करने के उपाय बताए




आइटीएस कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं व अन्य • सौजन्यः कालेज

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : हाईवे स्थित आइटीएस कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस मनाया गया। इसकी शुरुआत कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने की। इसका विषय चेंजिंग फेस चेंज्स लाइफ था। इस मौके पर वाइस चेयरमैन डॉ. अर्पित चड्ढा ने अंतरराष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस के ओरल कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने के बारे में विचार रखे।

उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य मुंह के कैंसर से पीड़ित मरीजों का पता लगाना और उन्हें बेहतर उपचार प्रदान करना है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति के समान योगदान की आवश्यकता होती है।


कार्यक्रम में प्रसिद्ध प्रवक्ता डॉ. अमित जैन, डॉ. संतोष सिंह की ओर से ओरल कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. अमित जैन और डॉ. संतोष सिंह ने सभी प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और मौखिक कैंसर के विषय में ज्ञान दिया।

इस अवसर पर ग्रुप के सचिव बीके अरोड़ा, डॉ. विनोद सचदेव, प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी व डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर कॉलेज के कल्पना चावला ऑडिटोरियम में प्रतिभागियों के लिए गेस्ट लेक्चर, मरीजों के लिए जागरूकता, नुक्कड़ नाटक आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और ओरल सर्जरी विभाग द्वारा ओरल कैंसर स्क्रीनिंग की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों और दंत चिकित्सकों ने भाग लिया।

दैनिक हिन्ट

Page No. 05 Date: 14/02/2020

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में ओरल सर्जन दिवस का आयोजन



**हिन्ट संवाददाता**

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आई टीएस डेंटल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस का आयोजन किया गया। इसका विषय चेंजिंग फेस चेंजस लाइफ था।

ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस के अवसर पर उन्होंने ओरल कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अमित जैन, डॉ. संतोष सिंह प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारम्भ किया। इस मौके पर बीके अरोड़ा, डॉ. विनोद सचदेव, प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी आदि मौजूद रहे।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date: 14/02/2020

## फटाफट खबरें

# अंतरराष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस मनाया



■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च डेंटल कॉलेज में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय ओरल सर्जन दिवस मनाया गया। इसका विषय 'चेंजिंग फेस चेंज लाइफ' था। ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने ओरल कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. अमित जैन, डॉ. संतोष सिंह, बीके अरोड़ा, डॉ. विनोद सचदेव और डॉ. देवी चरण शेट्टी समेत कई लोग मौजूद रहे।